two years back. Only a fortnight back, one lady passenger, Miss Zarina Dastur was travelling in the First Class compartment between Charni Road and Marine Lines and a goonda entered the compartment and tried to snatch away her golden chain. She successfully resisted bravely, caught hold of the goonda and with the help of other passengers handed him over to the Railway Police. Between Hirar and Boriwali, there are lonely stations, like, Meera Road, and Dahisar where this gang of goondas stay in hutments, keep a watch and forcibly enter the First Class compartment and assault the passengers in broad day-light and snatch away their valuables.

Repeated requests have been made to the Railway Minister to check these crimes. In my speech on the Railway Budget, I made a mention of it But I am sorry to find that the hon Minister, in his reply, did not say any thing about it. I would urge upon the Railway Minister to take urgent and drastic steps to curb the activities of the goondas on the suburban trains and firmly deal with them so that there are no more such incidents and the passengers feel a sense of security and safety on both these suburban lines.

SHRI VAYALAR RAVI (Chrayinkil) : Sir, I have also written to you about the same thing.

MR. SPEAKER : Only one Member was permitted.

SHRI VAYALAR RAVI : My concern is that we belong to the linguistic minority living in Maharashtra, in Bombay. I only add one sentence. She said, "I can identify the goonda." But the police did not come in time before her death.

The hon. Home Minister, the other day, assured the House that linguistic minorities will be protected in Maharashtra. But, unfortunately, it has not been done.

13 HRS.

SOME HON. MEMBERS *rose*—

MR. SPEAKER : I am not allowing any one. I am not going to depart from the practice. I have already allowed one...

SHRI JYOTIRMOY BOSU (Diamond Harbour) : Then toworrow, Sir?

MR. SPEAKER : You may try. But, I think, something else is coming up tomorrow.

Mr. Banerjee, please sit down. I have been allowing matters to be raised under Rule 377 which is a marginal thing between point of order and other motions But now every one has started claiming it as a matter of right. I am extremely sorry. In other Parliaments they never allow these things Here we have call-attention and many other things...

SHRI DINEN BHATTACHARYYA (Serampore) : Something else is allowed there, but here that is not allowed.

MR. SPEAKER : No where call-attention and other motions which we are allowing here are allowed.

13.03 HRS.

*DEMANDS FOR GRANTS, 1974-75—*Contd.*

MINISTRY OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND DEPARTMENT OF SCIENCE AND TECHNOLOGY—*Contd.*

MR. SPEAKER : Dr. Laxminarain Pandeya to continue his speech.

डा० लक्ष्मीनारायण पांडेय (मंदसौर) अध्यक्ष महोदय, औद्योगिक मंत्रालय की जिस प्रकार की नीति है उस के कारण औद्योगिक उत्पादन घटा है जिसे स्वयं मंत्री जो ने भी स्वीकार किया है। आर्थिक सर्वेक्षण जो 1973-74 का उपलब्ध कराया गया है उस के पृष्ठ 13 में लिखा गया है कि उद्योगों द्वारा अपनी क्षमता का पूरी तरह से उपयोग नहीं किया

* Moved with the recommendation of the President.

[डा० लक्ष्मीनारायण पाडेय]

गया है। उस मे लिखा है : पिछले कुछ वर्षों मे भारतीय औद्योगिक क्षेत्र के विषय मे बराबर यह अनुभव किया जाता रहा है कि बहुत उद्योगों में उन की क्षमता का पूरा पूरा उपयोग नही किया जाता उन की उत्पादन क्षमता का उपयोग भी हर साल कम होता जा रहा है। इस के उत्कृष्ट उदाहरण हैं—

इस्पात और उर्वरक और अभी हाल मे अल्मुनियम भी उसी श्रेणी मे आ गया है। तो इस्पात, अल्मूनियम और उर्वरक का उत्पादन घटा है। 20 तारीख के 'फाइनेंशियल ऐक्सप्रैस" मे भी इसी बात की ओर संकेत दिया गया है कि फर्टिलाइजर का उत्पादन जिस रूप मे होना चाहिये, जितनी आवश्यकता देश को आगामी खरीफ सीजन मे है उतना भी उपलब्ध नही करा पायेंगे। उस मे लिखा है :

"17% fall in fertiliser for kharif crops According to the estimates made by the Ministry the country needs a minimum of 15.43 lakh tonnes of nutrients for the 1974-75 kharif crops. Nitrogen (10.13 lakh tonnes) forms the bulk of it The requirement of phosphorus and potash is 3 33 and 1 97 lakh tonnes respectively"

13 04 hrs.

[Mr Deputy-Speaker *in the Chair.*]

इतनी आवश्यकता होगी लेकिन उत्पादन न होने से आवश्यकता की पूर्ति नही कर सकते। इसी कारण आज अनेक स्थानो पर उद्योगो की हालत खराब है। मंत्री जी ने एक भाषण में स्वीकार किया था कि हम जिन साधनो का जिस प्रकार से उपयोग करना चाहते है उन का उपयोग नही हो रहा है जिन स्त्रानों का दोहन होना था, नही हुआ। एक बार हैवी इंडस्ट्रीज मिनिस्टर ने अपने भाषण में जो "हिन्दुस्तान टाइम्स" के 17 अगस्त, 1973 के अंक में छपा है इस बात की ओर संकेत किया है कि उद्योगों ने अपनी क्षमता का उपयोग नही किया है और इसी कारण औद्योगिक उत्पादन में, जो चौथे प्लान पीरियड में उत्पादन हम ने आका था, उस को हम प्राप्त नही कर सके है। जैसा कि इन आंकड़ों से स्पष्ट हो जाता है। मिसाल के लिये कोटन को लीजिये जो उत्पादन हम ने चौथे प्लान पीरियड मे आका था उस के अनुसार जो प्राप्त कर सके है वह बहुत थोड़ा है। ठीक इसी प्रकार से स्टील के बारे मे जो विचार किया था उस मे भी पीछे रहे हैं। फर्टिलाइज का भी यही हाल रहा है और हम इस कमी के कारण हमारी आर्थिक स्थिति, पर भी विपरीत प्रभाव पड़ा है। कागज की कमी आज भयकर है। कागज उद्योग पर उचित ध्यान दिया होना तो सभवत: यह स्थिति न होती।

जहा तक टैक्सटाइल इडस्ट्रीज का सवाल है उस के उत्पादन में भी महत्वपूर्ण प्रगति नही हुई है। जैसा कई माननीय सदस्यो ने सकेत किया है कि जो कट्रोल्ड कपडा है उस की जितनी उपलब्धी जनता को करायी जानी चाहिये थी, प्रति व्यक्ति जितनी खपत होनी चाहिये, उस मे कमी इस बात का प्रमाण है कि जनता को उपलब्ध नही करा सके हैं। लेकिन उस के विपरीत आर्ट मिल्क और रेयान का उत्पादन बढा है। लेकिन मोटे कपडे का नहीं बढा। जो हमने अनुमानित किया था उससे विभिन्न उद्योगो के लिये स्टील, सीमेंट, अन्य उपकरण और बिजली वाछित-मात्रा मे उपलब्ध कराने मे सरकार असमर्थ रही है और इसी कारण कई उद्योग बिजली के अभाव मे बन्द हो रहे है। तो कई स्टील के अभाव मे आज के "टाइम्स आफ इंडिया" समाचार-पत्र मे आया है कि

"Power-less Haryana in for deep crisis Haryana is heading for utter industrial chaos if the Union Government does not come to its rescue with power supply from other States on an emergency basis."

यदि भारत सरकार ठीक से पावर की सप्लाई नहीं करती है तो फ़रीदाबाद और आसपास की इंडस्ट्रीयल यूनिट्स का उत्पादन गिरेगा और उस का असर कुल मिला कर हमारे उत्पादन पर भी पड़ेगा। मंत्री जी ने स्वयं अपने मंत्रालय की 1973-74 की रिपोर्ट में स्वीकार किया है कि औद्योगिक उत्पादन में गिरावट आयी है, और आगे भी यदि इसी प्रकार की स्थिति रही तो गिरावट आ सकती है। और जो उन्होंने संकेत दिये हैं उन में इन्होंने प्रमुख रूप से बिजली की कमी को बताया है :

"1. Inadequate capacity of plants; 2. operational problems in industrial units (steel, fertilisers); 3. lack of maintenance (steel, fertilisers); 4. design deficiencies (steel, fertilisers); 5. shortfalls in investment (capital goods); 6. shortage of steel, non-ferrous metals (engineering industry); 7. shortages of power, coal and movement problems (all industries); 8. unsatisfactory industrial relations; 9. shortage of construction materials; 10. larger reliance on domestic equipment and technology."

कुछ ऐसी बातों का उल्लेख किया गया है। मंत्री महोदय को उधर ध्यान देना चाहिए।

डिजाइन में डिफेक्ट की वजह से भी कई उद्योग ऐसे हैं जो अपनी क्षमता का पूरा उपयोग नहीं कर पा रहें हैं। या किसी कारण से अगर चलाये जाते हैं तो बाद में जा कर डिजाइन डिफ़ेक्ट की वजह से कमी आ जाती है और उत्पादन जिस रूप में चाहते हैं वह नहीं होता है। स्टील इंडस्ट्रीज के अन्दर हम को अनुभव है कि बारबार उन की डिजाइन में डिफ़ेक्ट होने से, चाहे दुर्गापुर हो या रूरकेला हो, इन के उत्पादन के जो लक्ष्य हम ने निर्धारित किये थे उन को प्राप्त करने में असमर्थ रहे हैं। स्टील के उत्पादन में गिरावट का यह प्रमुख कारण रहा है। इस पर गंभीरता से विचार होना चाहिये।

इसी प्रकार से सीमेंट की हालत है। सीमेंट की मांग बढ़ रही है, लेकिन मंत्री महोदय ने माना है कि सीमेंट उपलब्ध कराने में असमर्थ हैं। अनेक क्षेत्रों में सीमेंट के लिये रा-मैटीरियल भरा पड़ा है लेकिन सीमेंट कोपोरेशन आफ़ इंडिया को जहां जहां फैक्ट्री लगाने के लाईसेंस दिये हैं वहां फ़ैक्ट्रीज लगने में विलम्ब हुआ है। उदाहरण के लिये में आप को बताना चाहता हूं कि मध्य प्रदेश में निमंच में सीमेंट फैक्ट्रीज हेतु लाइसेंस मिला। किन्तु अभी स्थान का ही चुनाव हो रहा है, जब कि मध्य प्रदेश के अनेकों स्थानों के बारे में चौथी योजना में विचार हुआ लेकिन आज तक सीमेंट कोरपोरेशन आफ़ इंडिया नीमच में भी सीमेंट की फैक्ट्री डालने में असमर्थ रही है। यह हमारी दोषपूर्ण नीति का परिणाम है। इसके कारण जो हमारी आवश्यकता की वस्तुएं है उनकी कमी अनुभव की जा रही है। सिमेंट की कमी दूर करने में मंत्रालय असमर्थ रहा है और इसी तरह से दूसरी आवश्यक वस्तुओं की कमी को दूर करने में भी वह असमर्थ रहा है। सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों से भी घाटा ही हो रहा है लाभ नहीं। सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों के बारे में आम धारणा यह है कि वे सार्वजानिक क्षेत्र के उद्योग नहीं बल्कि सरकारी उद्योग मात्र हैं और केवल सरकारी भाषा का ही वे अनुसरण करते हैं उनका दृष्टिकोण सार्वजनिक नहीं और ऐसा करने से उनमें हजारों करोड़ रुपये की जो पूंजी लगी हुई है उसके बावजूद भी उन में घाटा हो रहा है। सौ से अधिक यूनिट्स सार्वजनिक क्षेत्र के हैं और अधिकांश उन में—ऐसे हैं जो अनुत्पादक हैं, जिन के बारे में कहा जा सकता है कि करोड़ों रुपये का घाटा आज उनके अन्दर हो रहा है। उन में लाभ होना चाहिये, घाटा दूर होना चाहिये। उनका प्रबंध संचालन ठीक हो यह आवश्यक है।

[डा० लक्ष्मीनारायण पांडेय]

दूसरी तरफ आप देखें कि एकाधिकार प्राप्त जो घराने है उन पर भी कोई नियंत्रण नहीं लग पा रहा है। टाटाज हो या बिड़लाज हों उन के एसेट्स बढ़ते ही जा रहे है। उसके कारण भी सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों को प्रोत्साहन मिलना चाहिये था, प्रश्रय मिलना चाहिये था, नही मिला है। मैं समझता हूं कि सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योग हो या निजी क्षेत्र के उद्योग हो इन दोनों मे भेद भाव करने की नीति को हमको छोड़ देना चाहिये इन दोनो मे पारस्परिक समन्वय की नीति होनी चाहिये। एक बार मंत्री महोदय ने ज्वायट सैक्टर की बात कही थी। ज्वायट सैक्टर का क्या स्वरूप होगा या सबुक्त उद्योगो का क्या स्वरूप होगा, उनका मैनेजमेंट किस प्रकार का होगा, उनके अन्दर भागीदारी किस प्रकार की होगी, मजदूरो की भागीदारी किस प्रकार की होगी, जनता की या सरकार की किस प्रकार की होगी, सरकार उन मे कितने प्रतिशत शेयर लेना स्वीकार करेगी अथवा जनता को कितने प्रतिशत शेयर देना स्वीकार करेगी, इसका कुछ भी पता नही है, इस का कुछ भी स्पष्टीकरण नही किया गया है, कोई स्पष्ट चित्र हमारे सामने नही रखा गया है। इस कारण से ज्वायट सैक्टर की जो कल्पना है वह केवल अधूरी कल्पना मात्र बन कर ही रह गई है। ज्वायट सैक्टर हो, सार्वजनिक क्षेत्र हो, निजी क्षेत्र हो, इन मे भेदभाव करने की नीति को छोड़ कर उद्योग के तथा उत्पादन के हित की बात को हमको सोचना होगा, देश की आर्थिक स्थिति किस प्रकार से प्रबल और सुदृढ़ हम बना सकते है, इसको सामने रख कर सोचना होगा और राष्ट्रीय हित की दृष्टि से नेशनल सैक्टर के स्वरूप को विकसित कर कार्य करे। उद्योग किसी भी स्थान पर खड़े हों हमको देखना होगा कि उत्पादन में हम वृद्धि लाएं फिर चाहे वह शक्कर का उत्पादन हो, सिमेंट का हो, फर्टिलाइजर का हो। चाहे जिस किसी भी क्षेत्र के कारखाने हों अगर हम चाहते है कि उनके उत्पादन में वृद्धि हो तो उनकी जो पूंजी की आवश्यकता है, उनके वास्ते जिस प्रकार के साधनों की आवश्यकता है कच्चे माल की आवश्यकता हो, उनको हमें उपलब्ध कराने का प्रयत्न करना होगा।

हमारे यहां विदेशी पूंजी का प्रभुत्व बढ़ रहा है। आंकड़े इसको सिद्ध करते हैं। विदेशी कोलोबोरेशन से, विदेशी सहयोग से, विदेशी टैक्नालाजी से, विदेशी नो हऊ से हमारे यहां कारखाने बढे हैं। नो हऊ हम प्राप्त करें और उनके आधार पर कारखानो का विस्तार हो, इस से कोई दो राय नही हैं मतभेद नही हैं। लेकिन अगर विदेशी पूंजी बढ़ती है तो यह चिन्ता का विषय हो जाता है। जो आकडे उपलब्ध है उनके अनुसार लगभग 72 नए कारखानो में विदेशी पूंजी लगने वाली है, इसकी सरकार ने—अनुमति दी है। इससे विदेशी पूंजी का प्रभुत्व बढ़ेगा। पहले से भी यह बहुत बढा है। कालगेट को आप ले, हिन्दुस्तान लिवर को ले या इस प्रकार की दूसरी कम्पनियों को लें आपको पता लगेगा कि करोड़ों रुपये की नही अरबों रुपये की पूंजी उन्होने हमारे देश से अर्जित की है। आपको एक निश्चित नीति निर्धारित करनी चाहिये कि विदेशी कम्पनियां जो पूंजी वे कमाती हैं उसका कितना प्रतिशत भाग बाहर भेज सकती हैं,—प्रतिशत तय कर दिया जाना चाहिये और उस प्रतिशत से अधिक मुनाफा उनको बाहर भेजने की इजाजत नही होनी चाहिये।

प्लानिंग कमीशन की एक्सपर्ट बाडी ने यह बताया है कि इम्पोर्ट में जो डिलेज होती है मशीनरी वगैरह की उसके कारण 335 करोड़ की हमको हानि हुई है। इसी तरह से जो हम ऐक्सपोर्ट करते हैं उन में भी अननेसिसरी डिलेज होती हैं। उनके कारण भी करोड़ों रुपये की हानि होती है। उसको बचाया जाना चाहिये आपको तय करना चाहिये कि किस प्रकार से इन डिलेज से बचा जा सकता है ताकि हमें हानि इस तरह से न उठानी पड़े।

यह हमारी कार्य प्रणाली का दोष है । इसे हम दूर करें।

जनवरी में स्टेट मिनिस्टर्स कान्फ्रेंस हुई थी । मंत्री महोदय उस में नहीं गए । लेकिन 23 जनवरी, को समाचार आया कि उस कान्फ्रेंस में यह घोषणा की गई कि हमें सिमट शक्कर आदि की देश के अन्दर खपत को कम करना चाहिये क्योंकि इनका निर्यात करके हम विदेशी मुद्रा कमाना चाहते हैं । मकान बनाने हों तो लोगों को सिमेंट मिलना चाहिये । शक्कर की लोगों को आवश्यकता है उनको शक्कर मिलनी चाहिए । यह भी जरूर है कि हमें विदेशी मुद्रा भी चाहिये । लेकिन विदेशी मुद्रा के नाम पर आप देश की जनता को भूखा नंगा नहीं रख सकते हैं बिना खाए के नहीं रख सकते हैं, इनकी जो आवश्यकतायें हैं उनकी पूर्ति में उनको वंचित नहीं कर सकते हैं । यह कहा गया था कि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए इन चीजों की खपत को हमें देश में घटाना होगा । यहां चाहे ये उपलब्ध न हों लेकिन हमको इनको बाहर जरूर भेजना होगा । इस प्रकार की औद्योगिक नीति का कभी भी समर्थन नहीं किया जा सकता । इसके लिए जरूरी है कि आप उत्पादन बढ़ाये । उत्पादन के अपने निश्चित लक्ष्य को प्राप्त करने का पूरा मान करें। निर्यात और आन्तरिक खपत में आपको सन्तुलन रखना होगा । औद्योगिक नीति में अभी तक इस प्रकार के सन्तुलन का अभाव रहा है। सन्तुलन नाम की कोई चीज अभी तक देखने को नहीं मिली है । इसकी ओर आपका ध्यान जाना चाहिये । केवल आंतरिक खपत या निर्यात में ही संतुलन की आवश्यकता, नहीं है अपितु देश के औद्योगिक समग्र विकास में यह संतुलन हो ।

आप यह भी देखें कि देश के कुछ भाग विकसित होते जा रहे हैं, दूसरे पिछड़ते जा रहे हैं । वे विकसित नहीं हो रहें हैं । चारों तरफ से इस प्रकार की शिकायतें सुनने को मिल रही हैं । पिछड़े हुए इलाकों में जिस प्रकार से उद्योग लगने चाहिये नहीं लगे हैं । सरकार घोषणा तो करती रहती है कि पिछड़े हुए क्षेत्रों में उद्योग लगाने के मामले में प्राथमिकता दी जाएगी लेकिन उसको कार्यरूप में परिणत नहीं किया जाता है । मध्य प्रदेश का ही उदाहरण ले, बस्तर और सरगुजा में बाक्साइट काफी मात्रा में उपलब्ध है जिसमें एल्यूमिनियम बनाया जा सकता है । एक कारखाना बालको के नाम से नेकोरवा में लगाया है । लेकिन उस में केवल एल्यूमीना बन रहा है । स्मलटज के अभाव में एल्यूमिनियम नहीं बन रहा है। स्मैलटर्ज भी साथ साथ लगाने चाहिये थे । ये नहीं लगे इस कारण से करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है । बस्तर में भी कारखाने लगाने की काफी गुंजाइश है । काल बेस्ड इंडस्ट्रीज वहां बन सकती हैं । लेकिन उसकी ओर ध्यान नहीं है । ऐसे ही दूसरे राज्य का उदाहरण लें तो राजस्थान में राक फास्फेट आयरन और आदि खनिज पदार्थ उपलब्ध हैं किन्तु वहां इनके आधार कोई बड़े कारखाने नहीं बनाए गए हैं । जहां तक कारबा का सम्बन्ध है जिस गति से वहां काम हो रहा है मुझे नहीं लगता है कि पांच वर्ष में भी वह बन कर तैयार हो जाएगा । कई उद्योगों की कैपेसिटी अनयुटिलाइज्ड पड़ी हुई है उसका प्रापर युटिलाइजेशन नहीं हो रहा है । इस ओर भी आपका ध्यान जाना चाहिये । मैं समझता हूं कि कुछ मुद्रा सम्बन्धी कठिनाइयां हो सकती हैं । लेकिन उनको भी आप दूर करें। आप टैक्सों पर टैक्स लगाते जा रहे हैं । ऐसा करके आपने जनता के जीवन को दूभर कर दिया है । उसके ऊपर आपने भारी टैक्सों का बोझ लाद दिया है । फिर भी अगर उत्पादन यथेष्ठ नहीं होता है तो इसका एक मात्र कारण नियोजन में दोष होना है । प्लानिंग हमारा दोषपूर्ण है । अनेक प्रोजैक्ट्स हैं, निर्माणाधीन हैं चाहे वे स्टील के हों, इरिगेशन के हों या दूसरी तरह के प्रोजेक्ट्स हों इस प्रकार के लगभग 64 प्रोजेक्ट्स हैं

[डा० लक्ष्मीनारायण पाडेय]

जिन की कीमत आज या तो दुगुनी हो गई है या दुगुना खर्च पर उन पर होने की संभावना है। यह इस लिए हुआ है क्योंकि हमारा जो सारा आयोजन है वह ठीक नहीं। केवल विदेशों के आधार पर, विदेशी तकनीकी के आधार पर, विदेशी यांत्रिकी के आधार पर, विदेशी नौ हऊ के आधार पर हम नहीं चल सकते हैं, हम को स्वदेशी आधार पर सोचना और विचार करना होगा। हमारे देश में लोग हैं जो अपने नौ हऊ से बहुत अच्छा स्टील बना सकते हैं, दूसरे क्षेत्रों में बहुत अच्छे उद्योग स्थापित कर सकते हैं, उत्पादन की दिशा में आगे आ सकते हैं, अपने प्रतिष्ठान खड़े कर सकते हैं। आप तो जानते हैं कि हैवी इलैक्ट्रिकल्ज भोपाल में मशीनरी के किसी विशेष कम्पोनेंट की आवश्यकता पड़ी, उसको उपलब्ध कराने में रूस का अपना मत था ब्रिटेन का अपना मत था फेल हुआ लेकिन एक छोटे से इंजीनियर ने उसको तैयार कर दिखाया बाहर का नौ हऊ इस में असमर्थ रहा हमारे यहां के नौ हऊ वे इसको कर दिखाया। सरकार इस प्रकार के नौ हऊ को प्राप्त करे और इस तरह के लोगों को प्रोत्साहन दे। ऐसा सरकार नहीं करती है। मैं समझता हूं कि यह इंडस्ट्रियल डिवेलेपमेंट डिपार्टमेंट नहीं है, इंडस्ट्रियल डैमट्रक्शन डिपार्टमेंट है और इसी रूप में हमारे सामने आया है।

आपने इंडस्ट्रियल एस्टेट्स बनाई हैं और बना रहे हैं। लेकिन ये कहां बन रही हैं? बम्बई के पास बन रही हैं, नागपुर के पास बन रही हैं, दिल्ली के पास बन रही हैं, फरीदाबाद में बन रही हैं, जो बड़े-बड़े शहर हैं उन्हीं के इर्द गिर्द इंडस्ट्रियल एस्टेट बन रही हैं। छोटे शहरों के पास बनती हैं तो उनको रामैटीरियल नहीं मिलता है, बिजली सप्लाई नहीं की जाती है, पैसा नहीं दिया जाता है। आप स्वयं जा कर देख सकते हैं कि वे शेड खाली पड़े हैं इनका वैज्ञानिक आधार पर विकास हो, कोआर्डिनेशन हो। रामाटिरियल की उनको आवश्यकता होती है तो पहले जिस जिले में वे होती हैं उस जिले के अधिकारी के पास जाना पड़ता है और जिला अधिकारी जब सन्तुष्ट हो जाता है तो वह उनके केस को उस प्रान्त की राजधानी को रिकमंड करता है और वहां अगर काम बन सकता है तो वहां बनता है और अगर नहीं बन सकता है तो दिल्ली और कलकत्ता उनको जाना पड़ता है इस प्रकार विभिन्न मामलों में कई स्थानों व कई मंत्रालयों के चक्कर काटना पड़ते हैं।

कोई इंटैग्रेटिड सिस्टम इस के लिए आप क्या लागू नहीं कर सकते हैं, कोई व्यावहारिक हल आप इसका नहीं निकाल सकते हैं? आप कोई लिमिट बांध सकते हैं कि इस लिमिट तक तत्काल उनको जिले में ही परमिट मिल जाए या लाइसेंस मिल जाए। इस तरह से अगर आप करेंगे तो मैं समझता हूं कि छोटे उद्योगों को चालने में उनको सुविधा होगी, वे चल भी सकते हैं।

इस तरह उन में काफी प्रगति हो सकती है, उन की काफी उन्नति हो सकती है।

कंट्रोल्ड आइटम्ज के बारे में चारों तरफ से शिकायत है कि वे लोगों को नहीं मिलती हैं। सरकार को उन के वितरण की समुचित व्यवस्था करनी चाहिए। या जिन्हें मिलती है व उनकी काला बाजारी करते हैं। इस प्रक्रिया को ठीक करना चाहिये।

इंडस्ट्रियल डेवेलपमेंट बैंक वाणिज्यिक बैंक और स्टेट फिनांस कार्पोरेशन्ज की हालत यह है कि आप यद्यपि सरकार छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने की बात करती है, लेकिन स्माल-स्केल इंडस्ट्रीज को निरन्तर चक्कर काटने के बावजूद ऋण नहीं मिलता है।

विभिन्न वस्तुओं के उत्पादन के बारे में बड़े उद्योगों और छोटे उद्योगों के बीच डाइफ़रेंशन होना चाहिए, कोई सीमा-रेखा निर्धारित की जानी चाहिए। उदाहरण

के लिए कपडा मिले ऊंची किस्म का कपडा बनाये लेकिन टावल और चादर बनाने का काम हैंडलूम और पावरलूम के लिए सुरक्षित रखा जाये । टावल और चादर का उत्पादन किसी बडी कपडा मिल में नही होना चाहिए ।

इस बात की भी कोई आवश्यकता नही है कि हिन्दुस्तान लीवर साबुन और कासमेटिक्स का, या कालगेट टेल्कम पाउण्डर, या अन्य दैनिक उपभोग की वस्तु का निर्माण बडे पैमाने पर करे । इन वस्तुओ का उत्पादन छोटी-छोटी कोटेज इडस्ट्रीज में किया जाना चाहिए, जिस से हम काफी लोगो को रोजगार दे सकते हैं । हमारा सकल्प है कि हम ग्रामीण अर्थ-व्यवस्था को सुधारेगे । इस के लिए आवश्यक है कि गावो मे रोजगार के अवसर पैदा हो और रूरल इडस्ट्रिज का विकास हो । इस दृष्टि से यह आवश्यक है कि विभिन्न वस्तुओ के उत्पादन के विषय मे सीमा-रेखा निर्धारित की जाये । परम्परागत व कुटीर उद्योगो के विकास पर पर्याप्त ध्यान दिया जाना जरूरी है ।

आज लाइसेंसिज की सारी पावर केन्द्रीय सरकार के हाथ मे है । स्टेट्स छोटे उद्योगो के बारे मे भी लाइसेंस नही दे सकती हैं । इस के लिए सेंट्रल गवर्नमेंट के पास दौडना पडता है । इस लिए यह आवश्यक है कि लाइसेंसिंग पालिसी पर पुनर्विचार कर के लाइसेंसिंग की व्यवस्था का डीसेन्ट्रलाइजेशन किया जाये ।

एक तरफ सार्वजनिक उद्योग कोई अच्छी स्थिति में नही है और दूसरी तरफ निजी उद्योग चिन्तित और भयभीत है, क्योकि वे समझते हैं कि नेशनलाइजेशन की तलवार उन के सिर पर लटक रही है। अगर वे कोई पूजी लगाते है तो सरकार कभी भी हमारी पूजी पर हाथ डाल सकती है । निजी उद्योगो के भय को दूर करने के लिए यह आवश्यक है कि सरकार यह तय कर दे कि कि हम अमुक समय तक—फिर चाहे वह पांच बरस तक या दस बरस तक का समय हो—टैक्सटाइल, शूगर या किसी अन्य उद्योग का राष्ट्रीयकरण नही करेगे । इस से उन उद्योगो मे पूजी लगेगी, राटन मशीनरी के स्थान पर नई मशीनरी लगाई जायेगी और उत्पादन भी बढ सकेगा ।

कानज्यूमर गुड्स, उपभोक्ता वस्तुओ की माग बढ़ती जा रही है, लेकिन आज वे लोगो को उपलब्ध नही है और अगर उपलब्ध होती भी है, तो महगे दामो पर । छोटी छोटी इडस्ट्रीज को उपभोक्ता वस्तुओ के निर्माण में जो सरकार की तरफ से योगदान देना चाहिए, वह नही मिल रहा है दूसरी तरफ विदेशी प्रभुत्व और विदेशी पूजी वाली कम्पनिया लक्सरी गुड्ज बना रही है । इनके उत्पादन मे 30 प्रतिशत वृद्धि हुई है । इस स्थिति मे उपभोक्ता वस्तुओ की कमी होती चली जा रही है । गत 6 मास में ही इनकी कीमते 13 प्रतिशत बढी है । हम देखते है कि विदेशी और बहुराष्ट्रीय कम्पनिया उपभोक्ता वस्तुओ के निर्माण के क्षेत्र मे अपने पाव फैलाती जा रही है। उन को नियत्रित करना चाहिए और विदेशी कम्पनियो का भारतीयकरण किया जाना चाहिए—उन की दो-तिहाई पूजी भारतीय होनी चाहिए ।

नेशनल स्माल-स्केल इडस्ट्रीज कार्पोरेशन मशीनो का आयात करती है । लेकिन जो मशीने अनेक वर्षो से मगाई हुई है, वे बेकार पडी हुई है । उनका उपयोग ठीक ढग से होना चाहिए । आज लाखो रुपये की आयातित मशीने कार्पोरेशन के पास बेकार पडी है ।

हमारे चमडा उद्योग, कायर उद्योग, ऊन उद्योग और अन्य उद्योगो की कोई खास अच्छी स्थिति नही है । उन की स्थिति को ठीक करने के लिए सरकार को उचित कदम उठाने चाहिए । औद्योगिक विकास मे ट्रासपोर्टेशन का बडा महत्व है उसका भी ताल मेल आप बिठा दे ।

[डा० लक्ष्मीनारायण पांडेय]

आयात और निर्यात प्रक्रिया में सुधार करना चाहिए और लाइसेंसिंग सिस्टम को सरल बनाना चाहिए, जिस के आधार पर वास्तविक उपभोक्ता आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त कर सके। मैं पुन. दुहराना चाहूंगा कि औद्योगिक क्षेत्र में जिस तरह एक व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह का प्रभुत्व और एकाधिकार ठीक नहीं है, उसी तरह सरकार का प्रभुत्व बढ़ना भी कोई अच्छा लक्षण नहीं है। इसीलिए हमें राष्ट्रीय क्षेत्र को कम करना करनी चाहिए।

सभेर में मध्य प्रदेश के बारे में निवेदन करना चाहूंगा—मेरे क्षेत्र में ओपियम काफी मात्रा में पैदा होता है। इसलिए नीमच या मंदसौर में ओपियम बाई-प्राडक्ट्स के कई कारखाने लगाये जा सकते हैं। वहां एलकलायड फैक्टरी लगाई जा रही है, लेकिन पापी हल्क के आधार पर वहां कई कारखानों की स्थापना की जा सकती है। इसी मंदसौर जिले की जावर तहसील में आयरन ओर उपलब्ध है उसका उपयोग होना चाहिये। । मध्य प्रदेश में मरगुजा और बस्तर में बाक्साइट काफी मात्रा में मिलता है। इस लिए वहां पर एक ओर एल्युमिना प्लांट लगाया जा सकता है। खरगोन, रतलाम, आदि जिलों में लाइम-स्टोन काफी मात्रा में उपलब्ध है। इसलिए मध्य प्रदेश में और सीमेंट फैक्टरियां लगाई जा सकती हैं। नीमच की सीमेंट फैक्टरी के बारे में काफी विलम्ब हुआ है। उसे जल्दी लगाया जाये।

मध्य प्रदेश में पानी, बिजली और रा मैटीरियल है, वहां कोयला, तांबा, मैंगनीज, बाक्साइट, लाइमस्टोन और बांस के घने जंगल हैं। लेकिन औद्योगिक दृष्टि से वह पिछड़ा हुआ है। इसलिए देश के औद्योगिक मानचित्र में उस को स्थान देने के लिए प्रयत्न किया जाना चाहिए। आज हमारे देश में औद्योगिक विकास असंतुलित ढंग से हो रहा है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश आदि सब राज्यों में समान रूप से औद्योगिक विकास हो, इस को दृष्टि में रखते हुए हम एक राष्ट्रीय औद्योगिक नीति का पालन करें और वर्तमान नीति में आमूल-चूल परिवर्तन करें। तभी हमारी औद्योगिक प्रगति का वास्तविक स्वरूप सामने आयेगा, हम औद्योगिक दृष्टि से आगे होंगे।

MR. DEPUTY-SPEAKER: I have a request from the Whip of the Congress Party to allot ten minutes each to each Member from the Congress Party I shall co-operate with him and ring the bell at the proper time

SHRI VAYALAR RAVI (Chirayinkil): Some Members are absent. So, their time may be given to the others

MR DEPUTY-SPEAKER: The list is a very long one It is his party's arrangement, and I am only co-operating I am giving them only the party's time

श्री मूलचन्द डागा (पाली): उपाध्यक्ष महोदय, नीतियां कितनी भी अच्छी हों, जब तक निष्ठा और ईमानदारी से उनका पालन नहीं किया जाता है, तब तक वे नीतियां केवल किताबों में रहती हैं। 1956 का इंडस्ट्रियल पालिसी रेजोल्यूशन भी है, लाइसेंसिंग पालिसी भी है और एम० आर० टी० पी० एक्ट भी है, सब कुछ है, लेकिन हमारी जो नीति है, उसका इम्प्लीमेंटेशन किस तरह होता है?

17-4-73 को एक सवाल के जवाब में यह बताया गया था कि टाटा के प्राफिट्स 1969-70 में 32 78 करोड़ रुपये थे और 1970-71 में वे बढ़ कर 53.57 करोड़ रुपये हो गये। इसी तरह बिड़ला के प्राफिट्स 1969-70 में 51.60 करोड़ रुपये थे, जब कि 1970-71 में वे बढ़ कर 61 58 करोड़ रुपये हो गये। इससे साबित होता है कि हिन्दुस्तान में पूंजीवाद

बढ़ रहा है । हम कानसेनट्रेशन आफ़ इकानोमिक पावर नहीं चाहते हैं, लेकिन फिर भी वह बढ़ रहा है । इस बात का भय है कि कहीं ये पूंजीपति राजनीति पर हावी न हो जायें और राजनीति उन की चेरी न बन जाये । इस से लोकतन्त्र के लिए खतरा पैदा हो सकता है । हम लोकतांत्रिक समाजवाद लाना चाहते हैं । उस में पूंजीवाद का खात्मा होना जरूरी है । लेकिन सरकार कमीशन ने अपनी रिपोर्ट में क्या कहा है ?

"The Commission, which was represented by a retired judge of the Calcutta High Court, used three main arguments to show that IDBI had in fact shown undue favour to the Birlas."

The time at my disposal is short; otherwise, I can read more from the article to show how favour has been shown. This is the report of the commission appointed by Government themselves.

THE MINISTER OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND SCIENCE AND TECHNOLOGY (SHRI C. SUBRAMANIAM) : The commission has not submitted its report. This is unfair.

SHRI M. C. DAGA : I am reading from the *Economic and Political Weekly* from an article entitled 'Public Money for Private Enterprise'. It is dated the 12th January, 1974. If the hon. Minister would read the whole article, he will see the arguments which have been advanced.

SHRI C. SUBRAMANIAM : It may be an article, but it is not the Commission's report. The report has not yet been submitted.

SHRI M. C. DAGA : It appears under the heading 'Sarkar Commission'.

इनवेस्टमेंट कैसे होता है ? 1968-69 में 85 करोड़ रुपये, 1969-70 में 111 करोड़ रुपये, 1970-71 में 133 करोड़ रुपये और 1971-72 में 162 करोड़ रुपये । इसका मतलब यह है कि पूंजीपतियों को बराबर पूंजी मिल रही है । कोई चैलेंज नहीं कर सकता है कि उन को पूंजी क्यों मिल रही है । हर एक जानता है कि पूंजीपतियों को डिसबर्समेंट होता है ।

सरकार का कहना है कि रिजनल इमबैलेंस नहीं होना चाहिए । एस्टीमेट्स कमेटी की 1972 की रिपोर्ट में कहा गया है—मेरा खयाल है कि यह मिनिस्ट्री इस रिपोर्ट को पढ़ती होगी :

"The Committee regret to note that barring four or five States, other States do not attach that much priority to small-scale industries as they deserve".

This means that other States have neglected this. I do not want to go through the whole report. But this observation would be found at page 12 of the Thirty-Fifth Report of the Estimates Committee (Fifth Lok Sabha).

आप की कमेटी की रिपोर्ट इस बात को साबित करती है । आप का जो इम्बैलेंस है स्टेट्स में उस की बात मैं आप को बता रहा हूं :

"Advances made by the commercial banks also indicate that Rajasthan share is 1 per cent as against 30 per cent advances given in Maharashtra, 19 per cent in West Bengal, 11 per cent in Tamil Nadu and 6 per cent in Gujarat. *Per capita* investment by these banks in Rajasthan is only Rs. 18.2 as against Rs. 69.4 for the country as a whole and Rs. 231.6 in Maharashtra, Rs. 136.7 in West Bengal..."

See how Rajasthan has been neglected.

SHRI DINEN BHATTACHARYA (Serampore) : All of Rajasthan is now in Calcutta, West Bengal.

SHRI M. C. DAGA: This is the argument being advance. I am pointing out how our State is being neglected.

यह राजस्थान के इम्बैलेंस की बात मैं ने आप के सामने रखी। आप खुद मानेंगे इस बात को। वह कह रहे हैं .—

"The Committee are concerned to note that many of the small scale industries are working on outmoded technology and many of the small scale service institutes in the States are not well equipped to give guidance in modern lines of industry".

आप का सारा जो स्टेट्स का काम है मेरी समझ में नहीं आता है कि आप सारा कसंट्रेशन सेंटर में क्यों कर के रखना चाहते हैं। स्टेट्स पर कुछ जिम्मेदारी डालिए। स्टेट्स के अंदर लोग अगर अपने अपने यहां की इंडस्ट्री को नहीं देखते हैं, अधिकारी लोग उस पर ध्यान नहीं देते हैं तो क्या लाभ है ? आप ने सारी पावर सेंट्रलाइज कर के रखी है। एक तरफ तो आप डीकंट्रोल करना चाहते हैं दूसरी तरफ सारी पावर को सेंट्रलाइज कर रखा है। आप के विभागों में क्या होता है कि सारा पावर आपने पास सेंट्रलाइज कर के रखते हैं। आज पावर लोगों को अवेलेबल नहीं है, पावर की शार्टेज है, रा मैटीरियल की शार्टेज है। कौन उस की जिम्मेदारी लेगा ?

मान लीजिए मैं कोई इंडस्ट्री लगाना चाहता हूं। अब नौकरशाही आप की लोगों की मदद करने के लिए तैयार नहीं, उस के लिए डैडीकेटेड लाइफ उस की नहीं। उसका एटीट्यूट, उस का बिहेवियर, उस का काम करने का तरीका सब उस के विपरीत है। मैं पूछता हूं आप ने आज तक किसी अधिकारी का, किसी स्टेट के इंडस्ट्रीज आफिसर का एक्सप्लेनेशन काल किया ? आखिर करोड़ों रुपये खर्च होते हैं, इंडस्ट्री लगाते हैं, बैंक से पैसा लेते हैं और सब कुछ करने के बाद भी, क्या कोई उस की जिम्मेदारी लेता है ? सारी मशीनरी आप की किस प्रकार से डील करती है उस का एक उदाहरण मैं देता हूं एक अप्लीकेशन 23-3-73 को दी गई। वह एकोनामिक ऐडवाइजर के पास जून 73 में गई।

Sanction of the Economic Adviser was received in DETD in August, 1973. Allocation letter by DGTD was issued on 3-9-73 to CCI & E Licences and release order was issued by CCI & E on 1-12-73. Material sale orders issued by MMTC, New Delhi, on 25-1-74 against which no material yet arrived

यानी एक बात है।

In 1973, he had applied. It is now 1974 But he has not got the raw material This is a procedure which is laid down. Applications should be disposed of within a short time.

आप सारी अप्लीकेशन को डिस्पोज आफ कीजिए विदिन ए वेरी शार्ट पीरिअड एक आदमी 1973 में आप को कहता है कि मैं रा-मैटीरियल चाहता हूं और 1974 तक उस को रा-मैटीरियल नहीं मिलता है तो यह क्या तरीका है काम करने का। एक अप्लीकेशन जाती है, दूसरी जाती है, तीसरी जाती है काम कुछ नहीं होता।

I want raw materials This is one instance which I have quoted I can give you in writing.

आखिर आज किस प्रकार से आप के आफिसर्स डील करते हैं। कोई गवर्नमेंट हो, उस का डाइरेक्टर यह समझता है कि यह मेरी रेस्पांसिबिलिटी नहीं है। पावर नहीं मिलती, रा मैटीरियल नहीं मिलता, कुछ नहीं मिलता और कोई उस की जिम्मेदारी नहीं लेता। आखिर किसी की रेस्पांसिबिलिटी होनी चाहिए।

अब मैं एक बात कहना चाहता हू कि आप के लेबर का क्या हाल है वह देखिए । आप के जो अपने सेक्टर्स है उस में क्या हाल है ।

'The third five year Plan has observed that for the peaceful revo lution of the economic system on a democratic basis, it is essential that workers' participation in the management should be accepted as a fundamental principle and urgent need"

Has it been implemented or not

यह थर्ड फाइव इयर प्लान के अन्दर दिया हुआ हुआ है । आखिर वर्कर्स का आप पार्टिसिपेशन चाहते है या नही ? अगर नही चाहते है तो कहिए कि हम नही चाहते । लेकिन चाहते है तो आप के खुद के सैक्टर्स मे वह नही है । तो कैसे आप समझते है कि यह होगा ? आप कहते है कि इस मे लेबर के अन्दर इसेंटिव पैदा होगा । यह आप का टेक्नोलाजिकल डिपार्टमेंट है

The number of Indian scientists abroad who registered themselves with the CSIR during the third Plan was about 6,900 A detailed breakdown of the limited available data is provided in Table 3 7 to show the seriousness of the Brain Drain' problem in the Indian context'

What is the sense ?

अगर साइंस और टैक्नोलाजी मे सारा ब्रेन ड्रेन होता हो, सारे साइंटिस्ट और इंजीनियर बाहर चले जाते हो आप के देश मे कोई रिसर्च न होता हो और केवल खर्चा ही खर्चा होता तो ह्वाट इज दी सेंस ?

Here is the Report of the Public Accounts Committee

'The Committee had an occasion to review certain aspects of the working of the NRDC and the CSIR in 1969-70 and from the information made available to the Committee with regard to the working of the Central Mechanical Engineering Research Institute, Durgapur, the Committee finds that during 14 years of its existence, the institute incurred an expenditure of Rs 6 92 crores, out of which about Rs 3 87 crores was of a recurring nature"

You will kindly go through this report and find out what the technical institutions are doing

MR DEPUTY-SPEAKER That is a good sentence to conclude with

SHRI M C DAGA I am finishing It says that the expenditure incurred on pay and allowances on the staff during the year 1971-72 was Rs 43 87 lakhs, and for non-academic staff it was Rs 27 lakhs

आप का एक्सपेंडीचर बढता जाता है और इधर आप का ब्रेन ड्रेन हो रहा हो । आपके साइंटिस्ट्स काम नही कर रहे है, आप के इंस्टीट्यूशंस वर्क नही कर रहे है। (व्यवधान) मैं एक मिनट मे समाप्त कर दूगा ।

आप ने मेहरबानी कर के बैकवर्ड डिस्ट्रिक्टस के अन्दर जोधपुर को ले लिया, सिरोही का ले लिया जालौर का ले लिया लेकिन बीच मे पाली को छोड दिया । पाली मे हाथ से काम करने वाले हैंड प्रोसेस मे काम करने वाले लोग है । वह हाथ से काम करते है फिर भी उन के ऊपर ड्यूटी लगती है । वह पावर काम मे नही लाते सारा काम हाथ से करते है । पन्द्रह सौ रुपये की उन की मशीन और 3 हजार रुपये उस के ऊपर कम्पाउन्ड एक्साइज ड्यूटी लगाते है किस प्रकार से वह आगे बढ सकते है । शार्ट टाइम मे इतना ही कह कर मे समाप्त करता हू ?

SHRI K S CHAVDA (Patan) Mr Deputy Speaker Sir within the 10 minutes at my disposal I would like to deal with only the foreign sector vis a vis the Indian sector in relation to the industrial development that is taking place in our country

[Shri K. S. Chavda]

Sir, at the outset, I would like to make it clear that I am not against foreign firms as such. But, at the same time, I do feel that the foreign firms should not exploit the Indian Industries. In the initial stages of industrial development in our country, we took the help of foreign firms, and as industries in India developed, we should have reduced our dependence on foreign firms. But, this is on the increase and Government is giving encouragement to foreign firms to grow bigger and bigger at the cost of Indian industries.

Take for example, Pfizer limited. Their initial equity was Rs. 2 lakhs and at present, their equity is Rs. 5.6 crores. The assets built up by the Company from out of their profits are worth Rs. 52 crores The amount repatriated directly to America, in the year 1970, was Rs. 63.13 lakhs; in the year 1971, it was Rs. 68.20 lakhs and in the year 1972, it was Rs. 68.21 lakhs. I would like to give another example of Glaxo Laboratories. Their initial equity was Rs. 1.5 lakhs and their present equity is Rs. 7.5 crores. Their assets are now worth Rs. 65 crores. Further, they have repatriated large amounts from out of their profits made in this country. Another example is that of Firestone. They have increased their assets from Rs. 20.000 to Rs. 55 crores I do not want to take the time of the House by giving more examples. But, I would certainly ask Shri C. Subramaniam, Minister of Industrial Development, through you, Sir, to explain to this house and through this House, to the whole country, as to why production of cigarettes worth Rs. 160 crores out of a total production worth Rs. 300 crores per annum, in our country, has been entrusted to foreign firms by the Government; secondly, why the production of coca cola has been entrusted to foreign firms, when enough syrups and sharbats are available in our country, produced by the small scale sector? Sir, it is highly scandalous that foreign firms. as admitted by the Government, have exceeded their licensed capacity and thereby contravened the conditions in regard to licensing, namely, capacity specified in the licences. Such firms have made themselves liable to action under the provisions of the Industries Development and Regulation Act, 1951. But, no action has been taken by the Government for reasons best known to them. But my information is, the question of taking penal action against foreign firms which have indulged in unauthorised production in this country was considered in a halting and half-hearted manner in a number of ministries and put up to the concerned Cabinet Sub-committee for decision. The Committee did take some decisions, but they have not been implemented. The firms guilty of unauthorised production have got pulls and pressures in various ministries and Departments of Government and with the connivance and collusion of officers, they can manage to see that Government decisions taken at the highest level are either indefinitely postponed or not implemented at all. Therefore, certain points arise out of these: 1. How long did each firm indulge in unauthorised production? 2. Were periodical production returns sent to the DGTD and if so, what action did DGTD take in this matter? 3. Did DGTD sanction imported raw materials on the basis of unauthorised production and if so, under what authority? 4. Has the unauthorised production compelled the Indian sector to curtail their production or prevent them from applying for Industrial licence? 5. How much profits have been made by these firms from unauthorised production and to what extent the profits have been repatriated and what assets have been built out of these profits by them in our country? The firms have been allowed to indulge in unauthorised production with impunity on the ground that it is the intention of the Government to allow the production and had these firms not over-produced, Government would have been compelled to import such items involving expenditure on foreign ex-

change. If this argument is to be admitted, it strikes at the root of licensing of industries. My advice to Government is, in that case the licensing of industries should be scrapped altogether. Why should the Government give the impression that rules and regulations are meant only for the Indian sector and foreign firms with their huge resources and influence can contravene the laws of the land with impunity?

I would like to make a few suggestions for the consideration of the Government. 1. The licensing committee has done a good job in disposing of 3540 cases in 1973 as compared with 2252 cases in 1972. My suggestion is there is need for continuous vigilance to see that foreign firms do not get an upper hand over Indian firms under the guise of export promotion, liquidation of equity etc. 2. While Government has delicensed medium-scale industries whose investment is upto Rs. 1 crore, this is not beneficial because the conditions of registration and delicence are the same. Therefore, there should be completed delicensing for medium-scale industries. 3. Diversification should be allowed to Indian firms with minor balancing equipment and imported raw materials to the tune of at least 40% of the licensed capacity for conversion of obsolete items into new articles. 4. In spite of the improved procedure of licensing of industries, the Indian entrepreneur, whose applications are rejected, should be allowed to be heard by the full Licensing Committee. 5. The reports of the Bureau of Industrial Costs and Prices should be considered to be equal in importance to the reports of the Tariff Commission. Out of the five reports submitted by the BICP in 1973 not a single report has yet been implemented. 6. For the development of the 230 backward districts what is required to be done is that there should be an Open General Licensing system for Indian entrepreneurs only. 7. For the proper financing of industries in backward districts the restrictions put upon lending by commercial institutions should be lifted as financial institutions have failed to meet the requirements. 8. Non-S.I.A. applications pending before Government, which amount to roughly 4,000, should be disposed of within a reasonable time limit. 9. Firestone, M/s. Abot Anglo French and other foreign firms, which have a multi-national character, had initially very small investments but today they have grown to be giants and have come in the way of Indian industry. They ought to be cut down to size, if Indian industry is to grow and proper. 10. All COB licences to foreign firms, based on wrong information and diversification etc. be revoked immediately. Lastly, all permission letters which are proved illegal and which have no backing of any Act must be scrapped immediately, in the interest of the Indian Sector.

औद्योगिक विकास मंत्रालय में उप-मन्त्री (श्री जियाउर्रहमान अंसारी) उपाध्यक्ष जी, इस बहस में हिस्सा लेने में मैं सिर्फ स्माल स्केल इंडस्ट्रीज सेक्टर, खादी ऐंड विलेज इंडस्ट्रीज, सेरिकल्चर और क्वायर पर अपनी बहस को महदूद रखूंगा। कब्ल इसके कि मैं इस बहस के सिलसिले में कुछ कहूं, मैं उन आनरेबिल मेम्बर्स का जिन्होंने खुशी।सयत के साथ स्माल स्केल इंडस्ट्रीज के सिलसिले में, क्वायर इंडस्ट्री और सेरिकल्चर इंडस्ट्री के सिलसिले में, खादी ग्रामोद्योग के सिलसिले में अपने सुझाव दिए हैं और अपनी दिलचस्पी का इजहार किया है, उसके लिए मैं उनका बहुत बहुत शुक्रिया अदा करना चाहता हूं।

इंडस्ट्रियल डेवलपमेन्ट के मामले को हमें तीन जावियो से देखना चाहिए। तीन ऐंगिल्स से मैं उस पर कुछ थोडी बहुत रोशनी डालना चाहता हूं और यह कोशिश भी करूंगा कि इस सिलसिले में हमारे आनरेबिल मेम्बर्स ने जो कुछ बातें कही हैं उन बातों का कुछ जवाब भी हो जाये। स्माल स्केल इंडस्ट्रीज के डेवलपमेंट के सिलसिले में एक ऐंगिल तो यह है कि हमारी दिक्कतें क्या हैं।

[श्री जियाउर्रहमान अंसारी]

वह दिक्कतें जो स्माल स्केल एन्टरप्रिन्योर्स को पेश आती है और साथ ही स्माल स्केल इंडस्ट्रीज के प्रमोशन के काम में लगे हुए लोगों की जो दिक्कतें हैं, वह दिक्कतें क्या हैं। इसका दूसरा पॉइंट यह है कि इन सारी दिक्कतों और परेशानियों के बावजूद जो हमारे सामने हैं, स्माल स्केल इंडस्ट्रीज सेक्टर में हमारी क्या पर्फारमेन्स रही है, हमारे क्या रिजल्ट्स रहे हैं और क्या हमारे अचीवमेन्ट्स रहे हैं। इसका तीसरा पॉइंट यह है कि स्माल स्केल इंडस्ट्रियल सेक्टर को डेवलप करने के सिलसिले में, खादी ग्रामोद्योग के डेवलपमेन्ट के सिलसिले में आगे के हमारे प्रोग्राम्स क्या हैं और किस हद तक हम इसको आगे बढ़ाना चाहते हैं।

जैसा मैंने पहले अर्ज किया और जैसा हमारे आनरेबिल मेम्बर्स ने भी कहा, हमारी बहुत सी कठिनाइयां और दिक्कतें हैं और अभी हाल ही में हमारे कुछ फाइनेंशिल और एकौनामिक कॉन्स्ट्रेन्टस आ गए हैं जिनकी वजह से उन दिक्कतों और परेशानियों में इजाफा हुआ है। खास तौर से कुछ आनरेबिल मेम्बर्स ने रा-मैटीरियल की तरफ तवज्जह दिलाई है कि रा-मैटीरियल दिक्कत ऐसी बुनियादी दिक्कत है जिसके बगैर इंडस्ट्रीज का चलना मुमकिन नहीं है। रा-मैटीरियल के सिलसिले में यह शुबहा नहीं है कि दिक्कत है, परेशानी है और उस परेशानी को हल करने के लिए बहुत बड़ी हद तक, कुछ इम्पोर्टेड रा-मैटीरियल के सिलसिले में पालिसी को लिबरलाइज किया गया है और इंडिजीनस रा-मैटीरियल के सिलसिले में भी जो स्केयर्स रा-मैटीरियल हैं—खुसूसियत के साथ आयरन ऐंड स्टील और दूसरे नान फेरस मटिल्स-उनमें भी पहले मुकाबले में स्माल स्केल इंडस्ट्रियल सेक्टर को निस्बतन मैं उन आंकड़ों में जाना नहीं चाहता लेकिन यह एक वाकया है कि उसको पहले के मुकाबले में ज्यादा एलोकेशन मिल रहा है लेकिन इससे उस परेशानी और मुसीबतों का हल निकलने वाला नहीं है।

एक बात यहां पर कही गई, एक सवाल के जवाब में भी यह बात यहां पर आ चुकी है कि रा-मैटीरियल के सिलसिले में स्माल स्केल सेक्टर और लार्ज स्केल सेक्टर के बीच में कुछ डिस्क्रिमिनेशन है। हम ने तो खुले दिल और सफाई के साथ पहले भी कहा है कि लार्ज स्केल सेक्टर और स्माल स्केल सेक्टर में रा-मैटीरियल देने के सिलसिले में स्माल स्केल सेक्टर को जिन बुनियादों पर हम देते हैं वह मुख्तलिफ है लार्ज स्केल से और उसकी वजह यह है कि हमारे पास स्माल स्केल इंडस्ट्रियल यूनिट्स की कोई एक सही तस्वीर नहीं है, हम को यह नहीं मालूम है कि स्माल स्केल इंडस्ट्रियल यूनिट्स को कितना रा-मैटीरियल चाहिए, कौन सा रा-मैटीरियल किस मात्रा में चाहिए। इसी लिए भट्ट कमेटी ने जहां बहुत सी वैल्युएबिल सजेशन्स दिए हैं स्माल स्केल सेक्टर को प्रमोट करने के सिलसिले में वहां पर एक सिफारिश यह भी की है कि स्माल स्केल—इंडस्ट्रियल यूनिट्स का बड़े पैमाने पर सारे मुल्क में सेन्सस होना चाहिए। हमारे एक आनरेबिल मेम्बर ने कटमोशन मूव करते हुए एस्टीमेट्स कमेटी की 35वीं रिपोर्ट की तरफ तवज्जह दिलाई थी जिसमें इस तरफ इशारा किया गया है कि सबसे बड़ी ड्राबैक जो है वह यह है कि कोई सेन्सस नहीं है, कोई डाटा नहीं है जिसकी वजह से स्माल स्केल इंडस्ट्रियल सेक्टर बहुत ज्यादा हैंडीकैप्ड है। इसलिए एस्टीमेट्स कमेटी की रिपोर्ट की लाइट में और भट्ट कमेटी की रिपोर्ट की लाइट में भी इस बात को बहुत टाप प्रायर्टी दी गई कि हमारे सामने सही तसवीर पूरी तौर पर होनी चाहिए और इसीलिए सेन्सस के काम को शुरू कर दिया गया है। उम्मीद है कि इस साल के आखिर तक हमारे पास एक मुकम्मिल तसवीर स्माल स्केल इंडस्ट्रियल सेक्टर की आ जायेगी कि कितनी इंडस्ट्रीज हैं, कितना उनके लिए

रा-मैटीरियल चाहिए, किन किन स्टैट्स मे चाहिए, कहा कहा वह लोकेटेड हैं। हम उम्मीद करते है इस डाटा के कलेक्ट होने के बाद हमारी वह दिक्कते बहुत बडी हद तक दूर हो जायेगी। और फिर हम बालचन्द्रन कमेटी की उस रिपोर्ट को, जिस का हवाला अक्सर यहा दिया जाता है, हम उसूली तौर पर उस को मान चुके है लेकिन उस के इमप्लीमेंटेशन मे डाटा न होने से, बगैर सैन्सस के मुमकिन नही है, हमारे लिये दिक्कत है और हम समझते है कि सैन्सस का काम पूरा होने के बाद शायद उस कमेटी की रिपोर्ट को पूरी तौर पर इमप्लीमेन्ट करने के काबिल हो जायेगे उस हद तक जो उस की रिकमन्डेशनस है उन को बडी हद तक पूरा करने की हालत मे हो जायेगे।

14 hrs.

उपाध्यक्ष महादय, रा-मैटीरियल के अलावा और जो दूसरी दिक्कते है उन मे बहुत सी ऐसी है जिन पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है। लेकिन मै स्वीकार करता हू कि वह दिक्कते है पावर की कमी, इनफ्रास्ट्रक्चर का न होना, और मुख्तलिफ किस्म की दिक्कते है जिन पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है। लेकिन जैसे पावर की शार्टेज है, जो हमारे मुल्क मे ही नही, बल्कि पूरी दुनिया मे है, उसकी लाइट मे हम फक्र के साथ कह सकते है कि हम फिर भी अपनी जगह पर मजबूती के साथ कदम जमाये खडे है। यह कम श्रेय की बात नही है। इसलिये मै उस सिलसिले मे ज्यादा नही कहना चाहता।

जो हमारी परफौरमेंस और अचीवमेंट्स रहे है चौथे प्लान मे उन के मुताबिक कुछ दो, चार बाते अर्ज करना चाहता हू। हमारी यूनिट्स जो रजिस्टर्ड थी 1998 मे उन की तादाद थी 1.71 लाख, लेकिन 1973 मे उन की तादाद बढ कर 4 05 लाख हो गई। ऐमप्लायमेंट की दृष्टि से 1968 मे 29.6 लाख लोग काम करते थे जिनकी तादाद बढ कर 1973 मे 45 लाख हो गई। इनवेस्टमेंट की दृष्टि से 620 करोड़ के फिक्सड असेट्स थे जो बढ कर 1973 मे 814 करोड हो गये। प्रोडक्शन स्माल स्केल में किस हद तक बढा है इस को भी जरा देखा जाय। 1968 मै 3 207 लाख रु० का प्रोडक्शन था जो 1973 मे बढकर 6,249 लाख रु० तक पहुच गया। ऐक्सपोर्ट 1970 मे 93 17 करोड रु० था वह बढ कर 132 03 करोड स्माल स्केल सैक्टर प्रोडक्ट्स का हो गया। ऐनसिलियरीज के डेवलपमेंट के आकडो का जरा मुलाहिजा फरमाया जाय। लार्ज स्केल सैक्टर की ऐसिलियरीज की तादाद 1969-70 मे 2,008 थी जो 1971-72 मे बढ कर 7,606 हो गई। इन फिगर्स को पेश करके मेरा यह मशा नही है कि इन पर बहुत फख्र किया जा सकता है। हर गिज नही। मै महसूस करता हू कि बहुत बडी हद तक स्माल स्केल इडस्ट्रिज सैक्टर को डेवलप किया जाना चाहिये था जो कि नही हो सका। लेकिन अगर यह फिगर्स कुछ थोडा बहुत इशारा करती है तो यह कि हम स्टेगनेन्ट नही रहे है, और जैसा कि माननीय मदस्यो ने कहा कि स्माल स्केल सैक्टर मे हम स्टेगनेन्ट रहे है तो इन फिगर्स मे स्टेगनेशन जाहिर नही किया जा सकता।

यह सही है कि स्माल स्केल सैक्टर लार्ज स्केल सैक्टर के मुकाबले मे इस मुल्क की इकोनामी और ऐमप्लायमेंट की दृष्टि से सब से ज्यादा महत्वपूर्ण सैक्टर है। लार्ज स्केल सैक्टर हमारे मुल्क की दौलत को बढाने और इजाफा करने का एक कारण बन सकता है। लेकिन हमारे मुल्क की दूसरी सब से बडी प्रोबलम अनऐमप्लायमेंट की है उस का हल करने का सबसे बढा जरिया स्माल स्केल सैक्टर है। कमपरीजन के लिये यह बात कही जा सकती है कि अगर हम किन्ही दो स्टेट्स को ले, एक जगह पर लार्ज स्केल इडस्ट्रीज काफी डेवलप हुई हो और दूसरी स्टेट जहा

[श्री जियाउर्रहमान अंसारी]

पर लार्ज स्केल सैक्टर इंडस्ट्रीज कार्म्पेरेटिबली कम डेवलप हुई हो, स्माल स्केल सैक्टर इडस्ट्रीज ज्यादा डेवलप हुई हो तो मालूम किया जा सकता है आसानी से कि वह स्टेट जहां पर लार्ज स्केल इडस्ट्रीज का डेवलपमेंट ज्यादा हुआ है वह पिछडी हुई है बनिस्पत उस स्टेट के जहां पर स्मल स्केल सैक्टर इडस्ट्रीज ज्यादा डेवलप हुई है। वहा पर ऐमप्लायमेंट ज्यादा पैदा हुआ है, और ज्यादा खुशहाली आयी है।

इस लिये मैं कहना चाहता हू कि हम लोग इस बात से कोई बहुत ज्यादा मुतमइन नही है और इस सैक्टर को ज्यादा तेजी से बढाना चाहते है। लेकिन हमारी लिमिटेशन्स है और जो तवज्जह इस सदन के माननीय सदस्यो ने स्माल स्केल सैक्टर की तरफ दिखायी है उस के भरोसे पर मैं फख्र के साथ कह सकता हू कि स्माल स्केल इडस्ट्रियल सैक्टर के बढने को कोई नही रोक सकेगा, और यह तरक्की करेगा।

